पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में भोलाराम मस्करा इण्टर कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के अन्तर्गत ग्रामीण स्टेडियम का शिलान्यास/भूमिपूजन किया

## 10.43 करोड़ रु0 की लागत से निर्मित होने वाला यह ग्रामीण स्टेडियम मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एथलेटिक्स ट्रैक तथा दर्शक दीर्घा से युक्त होगा

## 10 युवाओं को स्पोर्ट्स किट वितरित कीं, प्रत्येक गांव तक स्पोर्ट्स किट पहुंचायी जा रहीं

## प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड के साथ विकास व समृद्धि के लिए कार्य करती हुई दिखाई दे रही : मुख्यमंत्री

## उ0प्र0 का युवा किसी भी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्ट में जाता है तो पहले की तुलना में कई गुना अधिक मेडल लेकर आता है

## प्रदेश सरकार प्रत्येक गांव में खेल का मैदान निर्मित करा रही, युवा कल्याण विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग इस कार्य को आगे बढ़ा रहे

## खेलकूद के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में एक मिनी स्टेडियम, प्रत्येक जनपद में एक स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा

## स्टेडियम के माध्यम से खेल की गतिविधियों को जितना आगे बढ़ाएंगे व्यक्ति उतना ही स्वस्थ होगा और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा, स्टेडियम के अन्दर ही ओपेन जिम मिलेंगे, महिला तथा पुरुषों को योगासन के लिए सुविधा मिलेगी

## सहजनवां में फ्लाईओवर व फोरलेन कनेक्टिविटी, यहां अटल आवासीय विद्यालय बन रहा है जिसका लोकार्पण बहुत शीघ्र किया जाएगा

## सहजनवां डिग्री कॉलेज में कुछ नए संकाय खुले, सहजनवां कस्बे में 02 स्टेडियम होंगे

## जंगल कौड़िया में ग्रामीण स्टेडियम बन चुका, भोलाराम मस्करा इण्टर कॉलेज के विस्तृत क्षेत्र में ग्रामीण स्टेडियम बनने जा रहा

## प्रदेश सरकार मुरारी इण्टर कॉलेज में बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने जा रही, जिससे वहां सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सकेगा

## जंगल कौड़िया में विगत वर्ष एक डिग्री कॉलेज खोला गया, इसमें पहले ही सत्र में 1400 बच्चों का एडमिशन हुआ, साइंस, आर्ट, कॉमर्स, कम्प्यूटर आदि की सभी कक्षाएं चल रहीं

## जनपद गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तथा लिंक एक्सप्रेस वे से जुड़ रहा, नई–नई फैक्ट्रियों का निर्माण हो रहा, इंटर व डिग्री कॉलेज बन रहे, गरीबों को मकान मिल रहे, रसोई गैस के कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे

## प्रदेश सरकार लगातार स्टेडियम का निर्माण करके युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर रही : खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री

